# हरियाणा में मारुति सुजुकी प्लांट

## चर्चा में क्यों?

मारुति सुजुकी इंडिया **ने हरियाणा के खरखौदा में तीसरा संयंत्र** स्थापित करने के लिये **7,410 करोड़ रुपए के निवेश की** घोषणा की, जो प्रतिवर्ष 2.5 लाख वाहनों का उत्पादन करने में सक्षम होगा।

## मुख्य बिंदु

- **मौजूदा और आगामी क्षमता:**
    - खरखौदा में वर्तमान **उत्पादन क्षमता 2.5 लाख इकाई प्रतिवर्ष है।**
    - 2.5 लाख यूनिट प्रतिवर्ष क्षमता वाला एक अन्य संयंत्र भी निर्माणाधीन है।
- **तीसरे संयंत्र के लिये अनुमोदन:**
    - 26 मार्च 2025 को मारुति सुजुकी के बोर्ड ने **खरखौदा में तीसरे संयंत्र की स्थापना को मंज़ूरी दी।**
    - तीसरे संयंत्र के साथ, खरखौदा की कुल उत्पादन **क्षमता प्रतिवर्ष 7.5 लाख इकाई तक पहुँचने की उम्मीद है।**
    - प्रस्तावित क्षमता विस्तार को वर्ष **2029 तक पूरा किया जाना है।**
- **विस्तार का कारण:**
    - कंपनी ने तीसरे संयंत्र की स्थापना के लिये निर्यात अवसरों सहित **बढ़ती बाज़ार मांग को प्रमुख कारण बताया।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/maruti-suzuki-plant-in-haryana